आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–29 मार्च 2024 **सान्ध्य समाचार**

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की अधिसूचना कल जारी होने के साथ नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। हालांकि गुड फ्राइडे का अवकाश होने के कारण आज नामांकन पत्रों की बिक्री या दाखिले का कार्य नहीं हुआ। कल से नामांकन प्रक्रिया फिर शुरू होगी। दूसरे चरण में प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों पर चुनाव होगा। इनमें अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा शामिल हैं। इन आठ सीटों पर चार अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल हो सकेंगे। पांच अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी। आठ अप्रैल नाम वापस लिये जा सकते हैं। इन सीटों पर छब्बीस अप्रैल को मतदान होगा।

****

सत्ताइस मार्च से लोकसभा चुनाव प्रचार में उतरे भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बिजनौर और अमरोहा में प्रबुद्ध सम्मलेनों को संबोधित किया। इन सम्मलेनों के माध्यम से उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाने के लिए मतदान करने की अपील की। श्री योगी ने कहा कि सभी लोगों को एक–एक वोट की कीमत को पहचानना होगा। एक गलत वोट से अराजकता फैलती है, बेटी और व्यापारी की सुरक्षा खतरे में पड़ती है, आतंकवाद और अलगाववाद पनपता है। जबकि सही वोट से आस्था और विरासत का सम्मान होता है, युवाओं को आजीविका के साधन मिलते हैं। देश का तेजी से विकास होता है। सुरक्षा और समृद्धि बढ़ती है। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यो की गारंटी गूंज रही है। उनके कार्यकाल में समाज के हर व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव पहुंचा है।

****

लोकसभा चुनाव की मतदाता सूची में नामांकन के अन्तिम दिन तक नाम जुड़ सकता है। गोरखपुर के जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिन लोगों का नाम छूट गया है वह ऑनलाइन या ऑफलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के बाद नाम जोड़ने की प्रक्रिया में एक सप्ताह का समय लगता है। इसलिये नामांकन की आखिरी तिथि से एक सप्ताह पूर्व आवेदन करना होगा। गोरखपुर में सात मई से नामांकन शुरू होगा और चौदह मई तक पर्चा दाखिला होगा। इसलिए यहां मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए सात मई तक ऑनलाइन या ऑफलाइन आवेदन करना होगा।

****

लोकसभा चुनाव में मतदान के दिन ड्यूटी पर रहने वाले बारह सेवाओं के कर्मियों को बैलेट से मतदान की सुविधा मिलेगी। इनमें सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग आकस्मिक एवं एम्बुलेंस सेवा, डाक विभाग, ट्रैफिक पुलिस, रेलवे, विद्युत विभाग, नागरिक उड्डयन विभाग, मेट्रो रेल कारपोरेशन, दूरदर्शन, ऑल इंडिया रेडियो, भारत संचार निगम लिमिटेड के कर्मचारियों समेत मतदान दिवस की कवरेज के लिए आयोग द्वारा प्राधिकृत मीडिया के प्रतिनिधि शामिल हैं। इस संबंध में प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इन बारह सेवाओं के कार्मिकों को फार्म बारह डी भरकर और अपने विभाग के नामित नोडल अधिकारी से सत्यापित कराना होगा। सत्यापित फार्म को सम्बन्धित चरण की अधिसूचना जारी होने के पांच दिन के अंदर रिटर्निंग ऑफिसर के पास जमा भी करना होगा।

****

सिद्धदोष बंदी और पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी का बीती रात ह्दय गति रुकने से बांदा जिले के रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में निधन हो गया था। इस मामले में बांदा के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भगवान दास गुप्ता ने न्यायिक जांच के आदेश दिये हैं। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एमपी एमएलए कोर्ट गरिमा सिंह को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस बीच मुख्तार अंसारी के निधन को लेकर आज पूरे प्रदेश में पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा।

****

अयोध्या में पुलिस ने मिशन शक्ति के तहत आज कई पार्को और सार्वजनिक स्थानों पर जाकर महिलाओं तथा बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में जागरुक किया। उन्हें किसी भी प्रकार की पुलिस सहायता के लिए विमेन पावर लाइन एक शून्य नौ शून्य, यूपी एक सौ बारह, ऑपरेशन कवच एक आठ एक, महिला हेल्पलाइन एक शून्य सात छह, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन एक शून्य नौ आठ और साइबर अपराध हेल्पलाइन एक नौ तीन शून्य के बारे में जानकारी दी।

****

ईसाई समुदाय आज श्रद्धा पूर्वक गुड फ्राइडे मना रहा है। ईसाइयों की मान्यता के अनुसार, इस दिन ईसा मसीह ने बुराई को खत्म करने के लिए अपनी जान का बलिदान दिया था। यह दिन चिंतन, स्मरण और श्रद्धा का होता है। गुड फ्राइडे पर गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की गई। गोरखपुर के सेंट जोन्स, सेंट एंथोनी, सेंट एंड्रयूज समेत सभी गिरजाघरों में ईसाई समुदाय के लोग सुबह से ही बाइबल पाठ कर ईसा मसीह की आराधना में लगे रहे। इस अवसर पर ईसाई धर्मगुरुओं ने लोगों को ईसा मसीह द्वारा दिए गए संदेशों से अवगत कराया।

****